# देवी अहिल्याबाई ने हमेशा महिला उत्थान के लिए किया काम



शासकीय महाकोशल महाविद्यालय में व्याख्यान देते प्राचार्य। ● सौजन्य आयोजक

**जबलपुर :** शासकीय महाकोशल महाविद्यालय और मप्र भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा मंगलवार को व्याख्यान, चित्रकला, निबंध व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्राचार्य डा. अलकेश चतुर्वेदी ने व्याख्यान देते हुए लोकमाता देवी अहिल्याबाई के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। देवी अहिल्याबाई ने महिला उत्थान के लिए महिला स्व-सहायता समूह के निर्माण एवं उनको प्रदान की गई वित सहायता के बारे में बताया। उनके शासनकाल में व्यापक बुनियादी ढांचे का विकास हुआ। इन्होंने आर्थिक विकास एवं सामाजिक संपर्क को बढ़ावा दिया। इस अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई के सशक्त नेतृत्व पर प्रकाश डालते हुए उनके विचार एवं दर्शन के बारे में बताया। कार्यक्रम में डा. ज्योति जुनगरे, डा. स्मिता बेलवंशी, डा. मानवेन्द्र सिंह यादव, डा. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डा. नजमुनिशा के साथ महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।